तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार 23 जून 2026

10 बाबा बंदा सिंह बहादुर सामाजिक न्याय...




10 आधुनिक शिक्षण तकनीकों पर विचार साझा..



## खबर संक्षेप

### कैथलः कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा 26 जून को

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 26 जून को सुबह 10 बजे आरकेएसडी कॉलेज के सभागार में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा करेंगे। इस बैठक में सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहेंगे, ताकि बैठक में रखे गए सभी समस्याओं एवं परिवादों का मौके पर समाधान हो सकें।

### पशु चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** एवीटी स्टाफ ने पशु चोरी मामले में एक ओर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एवीटी स्टाफ जींद के इंचार्ज उप निरीक्षक यशवीर सिंह ने बताया कि जुलाना निवासी अजय पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गांव जैजैवंती में स्थित उसकी भैंसों की डेयरी में चोर उसकी डेयरी का ताला तोड़ कर नौ लाख रुपये कीमत की चार भैंसें चोरी कर ले गए। एवीटी स्टॉफ जींद ने तकनीकी जांच व साक्ष्यों के आधार पर सारिक वासी शामली उत्तर प्रदेश को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी सारिक ने पूछताछ में राशिद वासी मंडावर का नाम बताया है।

### आमजन ना करें अवैध भूमि की खरीद-फरोख्त

**जींद।** जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया ने बताया कि उपमंडल सफीदों क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खेड़ी खेमावती में कुछ खसरा नंबरों पर बिना लाइसेंस, सीएलयू, एनओसी के अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही है जो कि हरियाणा टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने बताया कि संबंधित अवैध कॉलोनी के खसरा नंबर 80//23/2मीन ए 24/2मीन, 25/2मीन हैं। इन खसरा नंबरों में किसी भी प्रकार की रजिस्ट्री, एग्रीमेंट टू सेल, पावर ऑफ अटॉर्नी या अन्य किसी प्रकार का लेन-देन नहीं किया जा सकता है।

### सोलर सबमर्सिबलों के उपकरण चोरी

**जींद।** गांव राजपुरा भैण खेतों से बीती रात चोरों ने दो किसानों के खेतों से सोलर सबमर्सिबल स्टाटर, कंट्रोलर समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर सदर थाना चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजपुरा निवासी जयवीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने खेत में सोलर सबमर्सिबल लगाया हुआ है। बीती रात चोरों ने उसके तथा पड़ोसी के खेत से दो सोलर सबमर्सिबल सोलर कंट्रोलर को चोरी कर लिया।

### खेत में रखे ट्रांसफार्मर से कीमती उपकरण चोरी

**जींद।** गांव तेग बहादुर खेत से बिजली ट्रांसफार्मर से कीमती उपकरण गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। बिजली निगम के एसडीओ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बिजली निगम ने योजना के तहत गांव तेग बहादुर निवासी पूरण सिंह के खेतों में बिजली ट्रांसफार्मर रखा हुआ था। बीती रात चोरों ने ट्रांसफार्मर से कीमती उपकरणों को चोरी कर लिया। चोरी की घटना का सुबह उस समय पता चला जब किसान खेत में पहुंचा था।

### सामान चोरी करने के मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई मुकेश कुमार की अगुवाई में एएसआई संदीप कुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव पेगा जिला जींद निवासी सोनू उर्फ सतीश कुमार को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रुद्रा कॉलोनी कैथल निवासी सचिन कुमार की शिकायत अनुसार रुद्रा कॉलोनी में उसका एक मकान निर्माणाधीन हैं। जहां बिजली का सामान व लकड़ी मिस्त्री के औजार रखे हुए थे। 15 मई की सुबह जब जाकर देखा तो पाया कि बिजली फिटिंग की तार उखड़ी हुई थी।

# नशे के खिलाफ पुलिस का व्यापक अभियानः दो करोड़ की संपत्ति अटैच

## नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस की नहीं बल्कि सबकी सामूहिक जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि हरियाणा पुलिस द्वारा प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से वर्षभर जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। इसी कड़ी में 11 जून से 26 जून तक विशेष नशा मुक्ति पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसके तहत जींद पुलिस द्वारा भी व्यापक स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रमों के साथ-साथ नशा तस्करों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि जींद पुलिस की नशा मुक्ति टीम



गांव-गांव एवं वार्ड स्तर तक पहुंचकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर रही है। नशा मुक्ति टीम द्वारा नशा पीड़ित व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें उपचार हेतु घरों से नशा मुक्ति केंद्रों एवं अस्पतालों तक पहुंचाया जाता है तथा उपचार उपरांत सुरक्षित वापस घर भी छोड़ा जाता है। इस पहल का उद्देश्य नशा पीड़ितों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उन्हें नया जीवन प्रदान करना है। बताया कि नशे के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध केवल कानूनी कार्रवाई ही नहीं बल्कि उनकी नशा बेच कर अवैध रूप से अर्जित कि संपत्तियों को भी चिन्हित कर अटैच करने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। जींद पुलिस द्वारा अब तक लगभग दो करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति को अटैच करवाया जा चुका है व नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते जिला नगर योजनाकार कि स्युंक्त कार्यवाही नरवाना के चमेला कॉलोनी में 27 अवैध निर्माणों को धवस्त किया गया। जिससे नशा तस्करों के आर्थिक नेटवर्क पर प्रभावी प्रहार किया है। नशा तस्करी में सलिंप्त लोगो कि पहचान कर खिलाफ भविष्य में भी कार्यवाही कि जाएगी। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि नशा मुक्ति टीम लगातार ऐसे युवाओं एवं व्यक्तियों की पहचान कर रही है जो नशे की गिरफ्त में हैं। उन्हें समय पर चिकित्सीय सहायता, परामर्श एवं पुनर्वास सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस की नहीं बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि यदि उनके आसपास कहीं भी नशे की खरीद-फरोख्त अथवा सेवन संबंधी गतिविधियां दिखाई दें तो उसकी सूचना पुलिस को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

### लगातार कार्रवाई जारी रहेगी



पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि एक जनवरी 2026 से 21 जून 2026 तक जिले में एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 41 मामले दर्ज किए गए हैं। जिनमें 83 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इन मामलों में बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद किए गए तथा तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में लगातार कार्रवाई जारी है।

## एक्सईएन ने मांगों पर कार्रवाई का दिया आश्वासन

# बिजली संकट से गुस्साए लोगों ने उचाना पावर हाउस पर जड़ा ताला

## किसानों ने प्रशासन और बिजली निगम के खिलाफ जमकर रोष जताया

**करीब दो घंटे तक बंद रहे फीडर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

खेतों में बिजली सप्लाई नहीं मिलने से नाराज करसिंधु, खरकभूरा, अलीपुरा और गुरुकुल खेड़ा के किसान सोमवार को ट्रैक्टर-ट्रालियों में सवार होकर बिजली निगम कार्यालय पहुंचे। किसानों ने पावर हाउस को ताला जड़ दिया और संबंधित बिजली फीडरों को बंद करवा दिया। करीब दो घंटे तक बिजली सप्लाई प्रभावित रही। किसानों ने प्रशासन और बिजली निगम के खिलाफ जमकर रोष जताया। पावर हाउस पर ताला लगाए जाने की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी चंद्रपाल, चौकी इंचार्ज राजबीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एसडीओ जोजो और पुलिस प्रशासन ने किसानों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे। बाद में नरवाना के एक्सईएन जोगिंद्र कौशिक ने किसानों से बातचीत कर उनकी मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। साथ ही संबंधित लाइनमैन को तत्काल प्रभाव से बदलने की घोषणा की। इसके बाद किसान ताला खोलने के लिए तैयार हुए। किसान कपिल ने बताया कि पिछले तीन महीनों से खेतों की बिजली आपूर्ति बाधित है। इस संबंध में एसडीएम, एसडीओ और एक्सईएन को कई बार लिखित शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि नए इंचार्ज और जेई तो लगाए जाते हैं, लेकिन लाइनमैन की नियुक्ति नहीं होने से बिजली व्यवस्था प्रभावित हो रही है। बिजली नहीं मिलने से फसलें सूख रही हैं और खेतों में रहने वाले लोगों व पशुओं को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। किसान अजीत ने कहा कि बिजली की तारें टूटी हुई हैं और कई खंभे गिरे हुए हैं, लेकिन निगम उनकी सुनवाई नहीं कर रहा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो किसान सड़क जाम करने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि दो घंटे से ताला लगा हुआ है, लेकिन कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। किसान वीरेंद्र ने आरोप लगाया कि लाइनमैन फोन तक नहीं उठाते और शिकायत करने पर कार्रवाई की धमकी देते हैं। उन्होंने कहा कि 8 जून को भी किसान एक्सईएन से मिले थे, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।



उचाना। पॉवर हाउस उचाना मंडी के गेट को ताला लगा बैठे ग्रामीण।



उचाना। किसानों को समझाते एक्सईएन नरवाना जोगिंद्र कौशिक।

### बिजली लाइन शुरू करवाई

एक्सईएन जोगिंद्र कौशिक ने बताया कि हाल ही में आए आंधी-तूफान के कारण नरवाना क्षेत्र में करीब दो हजार बिजली पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिससे कई लाइनें प्रभावित हुई हैं। उन्होंने बताया कि अलीपुरा में नए पोल लगाकर बिजली लाइन चालू कर दी गई है। किसानों की मांग पर अलीपुरा के लिए अलग फीडर की व्यवस्था की गई है तथा जिस लाइनमैन पर आरोप लगाए गए थे, उसकी जगह दूसरे लाइनमैन की नियुक्ति कर दी गई है।

# स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के नोर्थ जोन डायरेक्टर समेत पांच पर केस

## परीक्षा केंद्र बनाने का दिया था झांसा

- लैब को परीक्षा केंद्र बनाने का झांसा देकर 19.53 लाख हड़पे
- सात दिन चला कर केंद्र को बंद करने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पेपर लैब में परीक्षा केंद्र बनाने का झांसा देकर 19 लाख 53 हजार रुपये हड़पने पर स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के नोर्थ जोन डायरेक्टर समेत पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। न्यू जवाहर नगर निवासी पुनीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पेपर लैब है। उसकी गांव गुरूकुल खेड़ा निवासी से मनदीप उर्फ धोला से उसकी जान पहचान रही है। मनदीप ने कहा कि स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के नोर्थ जोन डायरेक्टर पंचकूला निवासी सुरेंद्र ढुल उसका रिश्तेदार है। जो उसकी लैब को सरकारी परीक्षा के लिए केंद्र बनवा देगा। आरोपितों ने दो साल के लिए परीक्षा केंद्र बनाने की एवज में तीस लाख रुपये ले लिए। जिसमें से आरोपित ने दो मोबाइल फोन भी खरीदे। जिसके बिल अजय तथा मनदीप के नाम हैं। उसने 12 लाख रुपये सुरेंद्र ढुल की पत्नी रानी के खाते में भेजे। इसके इलावा उसने अन्य माध्यमों से भी आरोपितो राशि दी। आरोपितों ने उसकी लैब को महज सात दिन ही परीक्षा केंद्र बनाया। जिसके बाद परीक्षा केंद्र को बंद कर दिया। जब उसने केंद्र बंद करने का कारण पूछा तो आरोपितों ने आगे परीक्षा केंद्र चलाने के लिए तीस लाख रुपये की और डिमांड की। पुनीत ने आरोप लगाया कि आरोपित सुरेंद्र ढुल ने रुपये लेने के लिए अपने रिश्तदारो को लगाया हुआ है। जिनको उन्होंने रुपये दिए थे। पुलिस जांच में अब तक 19 लाख 53 हजार 200 रुपये हड़पने की बात सामने आई है।




### मामले की जांच जारी

सिविल लाइन थाना पुलिस ने स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के नोर्थ जोन डायरेक्टर सुरेंद्र ढुल, उसकी पत्नी रानी, मनदीप उर्फ धोला, अजय व काला लंबरदार के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना के जांच अधिकारी विनोद कुमार ने बताया की लैब में परीक्षा केंद्र बनाने का झांसा देकर राशि हड़पने की शिकायत दी गई थी। फिलहाल पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।



उचाना। समाधान शिविर में पानी की समस्या को लेकर पहुंची महिलाएं।

### समस्या का हल होने तक टैंकर भेजने के दिए निर्देश

**उचाना।** समाधान शिविर में जन स्वास्थ्य विभाग से संबंधित शिकायतों का समय पर निपटारा नहीं होने पर एसडीएम रमित यादव एक्शन मोड में नजर आए। वार्ड नंबर 13 में पेयजल समस्या के समाधान में देरी होने पर उन्होंने समस्या के स्थायी समाधान तक पानी के टैंकर भेजने के निर्देश अधिकारियों को दिए। एसडीएम रमित यादव ने कहा कि समाधान शिविर में सबसे अधिक शिकायतें जन स्वास्थ्य विभाग की पेयजल आपूर्ति को लेकर आ रही हैं। कई बार अधिकारियों को निर्देश दिए जाने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में इस प्रकार की शिकायतें दोबारा मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपमंडल कार्यालय में प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किया जाता है, जहां विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर लोगों की समस्याएं सुनते हैं और उनका समाधान करते हैं।

### अनावश्यक दबाव बनाने के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने राज्य कमेटी के आह्वान पर जिला सचिवालय पर प्रदर्शन करते तहसीदार को चुनाव आयुक्त हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा। अध्यक्षता जिला प्रधान रामफल दयोहरा ने व संचालन जिला सचिव अमरनाथ किठानिया ने किया। राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, जिला प्रधान रामफल दयोहरा व जिला सचिव अमरनाथ किठानिया ने बताया कि प्रदेश में 15 जून से जारी गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) का कार्य जहां शिक्षा व्यवस्था के लिए आघात का कारण बन रहा है, वहीं इसमें लगे शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए भी गंभीर परेशानियों का कारण बना हुआ है। इस कार्य में अधिकांश अध्यापकों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके कारण अनेक विद्यालय लगभग खाली हो गए हैं और विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होगी। एसआईआर के गणना प्रपत्र भरने के लिए एक माह का समय निर्धारित किया है, किंतु इसके बावजूद अधिकारियों द्वारा अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। चार-पाँच दिनों के भीतर सभी गणना प्रपत्र वितरित करने का लक्ष्य दिया जा रहा है।




कैथल। एसआईआर ड्यूटी के विरोध में रोष जताते अध्यापक।



जींद। पुलिस गिरफ्त में अवैध शराब के साथ आरोपित।

### 1800 पव्वे अवैध देशी शराब सहित एक गिरफ्तार

**जींद।** अवैध शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत डिटेक्टिव स्टाफ जींद की टीम ने एक कार से भारी मात्रा में अवैध देशी शराब बरामद कर एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। डिटेक्टिव स्टाफ जींद के इंचार्ज निरीक्षक मनीष कुमार ने सोमवार को बताया कि उनकी टीम गश्त व अपराध रोकथाम ड्यूटी पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सफेद रंग की आई 20 कार में अवैध शराब की बड़ी खेप लेकर गांव भनभौरी से मखंड की ओर आने वाला है। सूचना पर टीम ने मखंड नहर पुल के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ समय बाद बताए गए वाहन को रोककर जांच की गई। वाहन चालक की पहचान गांव कापडो हिसार निवासी सत्यवान के रूप में हुई। तलाशी के दौरान कार से कुल 36 पेटियों में 1800 पव्वे देशी शराब बरामद किए गए।

### पिस्तौल के बल पर स्कूटी लूटने का आरोपी दबोचा

**कैथल।** सीआईए कलायत पुलिस ने पिस्तौल की नोक पर स्कूटी लूटने के मामले में गिरोह से जुड़े एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर-20 हुड्डा, कैथल निवासी विनय गर्ग की शिकायत अनुसार 13 जून को वह अपनी स्कूटी पर लकड़ी खरीदने के लिए बलराज नगर स्थित सिद्धि विनायक पेट्रोल पंप के नजदीक जा रहा था। इसी दौरान चार अज्ञात युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोपियों में से दो के पास पिस्तौल तथा एक के पास डंडा था। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपियों ने उस पर जानलेवा हमला करते हुए डंडे से सिर पर चोटें मारी तथा उसे गोली मारने की धमकी दी। इसी दौरान आरोपी ने उस पर गोली भी चलाई, जो उसकी गर्दन के पास से निकल गई और वह बाल-बाल बच गया।

## रोहतक रेंज के आईजी ने जुलाना थाना का किया औचक निरीक्षण

# बिना हथियार मिली संतरी, सफाई व्यवस्था ठीक नहीं थी मालखाने का रखरखाव सही नहीं मिलने पर सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रोहतक रेंज के आईजी सिमरनदीप ने बीती रात जुलाना थाना को औचक निरीक्षण किया। थाने में सफाई नही मिली तो संतरी भी बिना राइफल के मिली। मालखाने के रखरखाव में खामियां मिली तो पुलिसकर्मी कम हाजिर पाए गए। जिस पर आईजी सिमरनजीत सिंह निरीक्षण में मिली जानकारियां को मिंट बुक में दर्ज कर दिया। रोहतक रेंज के आईजी सिमरनदीप सिंह बीती देर रात को औचक निरीक्षण जुलाना थाना पहुंचे। थाने में होमगार्ड का जवान संतरी डयूटी मिला। जिसके साथ में राइफल नही मिली। थाने में जितने पुलिसकर्मी हाजिर होने चाहिए थे। उतने कर्मी हाजिर नही मिले। थाने में नाइट मुंशी तथा वायरलेस आप्रेटर अपनी डयूटी पर मिले। ईआरवी इंचार्ज तथा एसएस भी डयूटी पर पाए गए। जबकि थाना प्रबंधक छुट्टी पर पाए गए। उन्होंने माल खाने को खंगाला तो वह दुरूस्त नही मिला। निरीक्षण के दौरान थाने में साफ सफाई भी दुरुस्त नही पाई। जिस पर उन्होंने कर्मियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। औचक निरीक्षण के दौरान जो सामने आया उसे मिंट बुक में दर्ज कर दिया। जिसके बाद आईजी सिमरनदीप सिंह अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए।




### निरीक्षण रूटीन वर्क

एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि अधिकरियों को यह निरीक्षण रूटीन वर्क है। आईजी रोहतक ने जुलाना थाने का निरीक्षण किया था। सफाई तथा रखरखाव से संबंधित दिक्कत थी। संतरी ड्यूटी पर होमगार्ड जवान थी। जिसे हथियार नही दिया जा सकता।



राजौंद। सड़क निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन करते दुकानदार।

### सड़क निर्माण न होने पर भड़के दुकानदार

**राजौंद।** इनेलो ओबीसी मोर्चा के जिला प्रधान सोनू वर्मा की अध्यक्षता में स्थानीय दुकानदारों व कार्यकर्ताओं ने सड़क निर्माण न होने को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने प्रशासन और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।सोनू वर्मा ने कहा कि क्षेत्र के लोग पिछले कई वर्षों से खराब सड़क की समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। उन्होंने बताया कि डेढ़ किलोमीटर का सड़क मार्ग लंबे समय से बदहाल स्थिति में है, जिससे आम नागरिकों व दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चेतावनी देते कहा कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। बताया कि कल नगर के सभी लोग एकत्रित होकर प्रदर्शन करेंगे, जिसमें दुकानदारों के साथ आम नागरिक भी भाग लेंगे। मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा।

**खबर संक्षेप**

### संगठन ने रजिस्ट्रार को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** किसान छात्र एकता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुमित लाठर के नेतृत्व में छात्र प्रतिनिधिमंडल ने चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में कुलसचिव डा. सीमा गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर विश्वविद्यालय एवं छात्रावासों से संबंधित विभिन्न समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। इस मौके पर सुमित लाठर ने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुरू होने से पहले विद्यार्थियों की मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जाना आवश्यक है।

### जींदः महाविद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया जारी

**जींद।** यूजी कोर्स में अलग-अगल संकायों में खाली पड़ी सीटों को भरने के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग ने आनलाइन आवेदन की तारीख को 30 जून तक बढ़ाया है। पहले आनलाइन आवेदन की तारीख 31 मई तक थी। इसके बाद 15 जून तक आवेदन करने का समय बढ़ाया गया था और साथ ही मेरिट लिस्ट को लेकर भी शेड्यूल जारी किया गया था। इसके तहत 27 जून को पहली मेरिट लिस्ट जारी होनी थी लेकिन उच्चतर शिक्षा विभाग ने पहले वाले शेड्यूल को रद्द करते हुए केवल आनलाइन आवेदन का समय 30 जून तक बढ़ा दिया है लेकिन अभी भी जिन संकायों में पहले कम आवेदन आए थे।

### उचाना में 28 को सजेगी कवियों की महफिल

**उचाना।** साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से साहित्य सेवी संगठन उचाना द्वारा 28 जून को भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन ब्राह्मण धर्मशाला उचाना में प्रातः 10:30 बजे से होगा, जिसमें हरियाणा सहित आसपास के राज्यों के 15 से अधिक प्रतिष्ठित कवि एवं कवयित्रियां अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देंगी। मुख्य अतिथि के रूप में ब्राह्मण चौबीसी के प्रधान अनिल शर्मा उपस्थित रहेंगे। जबकि अध्यक्षता ब्राह्मण धर्मशाला के प्रधान रघुबीर शर्मा करेंगे।

### रैलियों पर रोक लगाने के आदेश पर रोष जताया

**जींद।** हरियाणा सरकार द्वारा आगामी सितंबर माह तक प्रदेश में धरना, प्रदर्शन एवं रैलियों पर रोक लगाने के आदेश की केंद्रीय मजदूर संगठन आल इन्डिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर ने कड़े शब्दों में निंदा की है। एआईयूटीयूसी हरियाणा के प्रदेश सचिव हरिप्रकाश ने कहा कि सरकार का यह आदेश प्रदेश की मेहनतकश जनता विशेष तौर पर मजदूर व कर्माचारियों के पूरी तरह से खिलाफ है। केवल यही नहीं यह अलोकतांत्रिक एवं न्याय के प्राकृतिक सिद्धांतों के विपरीत एवं एकतरफा है। फरमान लोकतंत्र का गला घोंटने वाला व पीड़ितों की आवाज भी बंद करने वाला है।

### विवाहिता चार माह की बेटी के साथ लापता

**कैथल।** शहर की एक कॉलोनी से 23 साल की विवाहिता अपनी 4 माह की बेटी के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिवार ने रिश्तेदारों और अन्य संभावित स्थानों पर तलाश की, लेकिन दोनों का कोई सुराग नहीं लगने पर पुलिस को शिकायत दी। अब सिटी थाना पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में शक्ति नगर निवासी अभिषेक ने बताया कि उसकी शादी करीब डेढ़ साल पहले जींद जिले के एक गांव निवासी युवती के साथ हुई थी। दोनों की 4 माह की बेटी है।

### 20 वर्षीय युवती हुई लापता, मामला दर्ज

**कैथल।** गुहला थाना क्षेत्र के एक गांव से 20 साल की युवती संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। युवती अपने साथ करीब 2.05 लाख रुपए नकद, सोने की बालियां, चांदी की पायल और जरूरी दस्तावेज भी ले गई। परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगने पर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस को दी गई शिकायत में एक गांव निवासी युवती के पिता ने बताया कि उसकी 20 साल की छोटी बेटी 20 जून को बिना बताए घर से कहीं चली गई। दोपहर करीब 2 बजे जब परिवार घर लौटा तो वह घर पर नहीं मिली।

---

शहीदी को समर्पित श्रद्धांजलि समारोह में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे डिप्टी स्पीकर

# बाबा बंदा सिंह बहादुर सामाजिक न्याय समानता व जनकल्याण के अग्रदूत थे

### धर्म, राष्ट्र और मानवता की रक्षा के लिए दिए बलिदान को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू कन्या महाविद्यालय में अमर शहीद बाबा बंदा सिंह बहादुर वेलफेयर सोसाइटी जींद द्वारा महान योद्धा, अद्वितीय सेनानायक एवं धर्मरक्षक बाबा बन्दा सिंह बहादुर की शहीदी को समर्पित श्रद्धांजलि समारोह श्रद्धा एवं उत्साह के साथ देर रात संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा संगठनों के प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों तथा दूरदराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भाग लेकर अमर शहीद बाबा बंदा सिंह बहादुर के अद्वितीय बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने शिरकत की। संगत को संबोधित करते कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर केवल एक महान योद्धा ही नही बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और जनकल्याण के अग्रदूत थे। उन्होंने अपने साहस, त्याग और दृढ़ संकल्प से अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष का ऐसा इतिहास रचा, जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि समाज को बाबा जी के आदर्शों को अपना कर राष्ट्र निर्माण और मानव सेवा के कार्यों में सक्रिय योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम की शुरुआत रागी जगजीत सिंह बबीहा के नेतृत्व में रागी जत्थे द्वारा भावपूर्ण गुरु यश गायन से हुई। जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिकता एवं श्रद्धा से सराबोर कर दिया। इसके उपरांत इतिहासकार डा. हरबंस कौर सग्गू तथा डा. स्वर्ण सिंह स्वर्ण ने बाबा बंदा सिंह बहादुर के जीवन, संघर्ष, शौर्य, सामाजिक सुधारों और ऐतिहासिक शहीदी पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने मुगल अत्याचारों के विरुद्ध संघर्ष कर पीड़ित एवं शोषित वर्गों को न्याय दिलाने का कार्य किया। वक्ताओं ने कहा कि बाबा जी का जीवन केवल सिख इतिहास ही नही बल्कि सम्पूर्ण भारतीय इतिहास के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम में रोहतक से आए प्रीतम भयाना ने बाबा जितेंद्र पाल सिंह सोढी का पावन संदेश संगतों तक पहुंचाया। जिसमें मानव सेवा, भाईचारे और धार्मिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन अरविंद खुराना ने किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा बंदा सिंह बहादुर के बलिदान और उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। समारोह में हांसी, पानीपत, बवानीखेड़ा, हिसार सहित अनेक स्थानों से पहुंची संगतों ने बाबा बंदा सिंह बहादुर जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज और राष्ट्र की सेवा करने का संकल्प लिया।



जींद। गुरु महिमा का बखान करते रागी जत्था। फोटो :हरिभूमि



जींद। कथावाचक को सिरोपा भेंट करते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

#### लंगर ग्रहण किया

कार्यक्रम का समापन सामूहिक अरदास, संगत के प्रति धन्यवाद ज्ञापन तथा मानवता, सेवा और राष्ट्रभक्ति के मूल्यों को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ हुआ। श्रद्धा, सेवा और प्रेरणा से परिपूर्ण आयोजन उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय बन गया तथा बाबा बन्दा सिंह बहादुर जी के अमर बलिदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम सिद्ध हुआ। सभी संगतों ने बड़े श्रद्धा भाव से गुरु का लंगर भी ग्रहण किया।



---



जींद। बस अड्डा पर मौजूद यात्री। फोटो :हरिभूमि

# पुंडरी रूट पर बसों की कमी से यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पुंडरी रूट पर बसों की कमी के कारण यात्री परेशान रहते हैं। बस स्टैंड परिसर में अन्य रूट पर जाने के लिए यात्रियों के लिए जहां 10 से 15 मिनट में बूथ से बस मिल जाती है, वहीं पुंडरी रूट पर एक घंटे बाद बस मिलती है। पूरे दिन में पुंडरी रूट पर रोडवेज व प्राइवेट बसों के 11 टाइम है। यात्रियों की मांग है कि पुंडरी रूट पर बसों का संचालन बढ़ाया जाए। जींद से नरवाना हांसी असंध,गोहाना, बरवाला पुंडरी जैसे रूट पर प्राइवेट बस ज्यादा चलती हैं। जींद डिपो में रोडवेज बसों की संख्या लगभग 165 है। इसमें से अलसुबह चंडीगढ़, गुरुग्राम, पौंटसाहिब, यमुनानगर, दिल्ली, हरिद्वार व वैष्णो देवी जैसे लंबे रूटों पर बस चलती है। सुबह लगभग छह बजे के बाद नरवाना, हांसी, असंध, गोहाना, बरवाला व पुंडरी जैसे रूट पर निजी बस चलना शुरू हो जाती हैं। प्राइवेट बसों में यात्रियों के साथ कई बार बुरा व्यवहार करने की शिकायतें आती रहती हैं। हालांकि नरवाना, करनाल जैसे रूट पर रोडवेज बसों की संख्या कम है लेकिन इन रूटों पर हर 10 से 15 मिनट में बस मिल जाती है। वहीं पुंडरी रूट पर एक-एक घंटा में बस मिलती है। जिससे यात्री एक बार बस छूट जाने पर लंबे समय तक बस का इंतजार करने को मजबूर हैं। जींद से पुंडरी रूट पर रोडवेज व प्राइवेट बसों के 11 ही टाइम हैं। से पहली बस सुबह 7.10 पर है। 7 . 40 पर दूसरी बस, साढ़े आठ बजे जींद-कुरुक्षेत्र रूट पर तीसरी बस हैए जो वाया पुंडरी होकर जाती है।

#### बसों की संख्या में इजाफा किया जाएगा

जींद डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन ने बताया कि रोडवेज का प्रयास है कि यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा दी जा सके। जिस रूट पर यात्रियों की संख्या ज्यादा रहती है उस रूट पर बसों का संचालन किया जाता है। जींद से पुंडरी रूट पर अगर बसों की संख्या कम है तो इसके बारे में पता किया जाएगा। पुंडरी रूट पर बसों की संख्या में इजाफा किया जाने को लेकर प्रयास रहेगा। यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

---

# मतदाता सूची पुनरीक्षण में कोई भी पात्र मतदाता न छूटे : यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के तहत एसडीएम रमित यादव ने उचाना मंडी स्थित महिला कॉलेज में बनाए गए बूथ नंबर 159 और 160 का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदाताओं से सीधा संवाद कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। एसडीएम ने मतदाता सत्यापन अभियान के दौरान नागरिकों से सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना आवश्यक है। उन्होंने मतदाताओं से अपने नाम, पते और अन्य विवरणों का सत्यापन करवाने का आह्वान किया ताकि मतदाता सूची पूरी तरह त्रुटिरहित बनाई जा सके। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) दीपक द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस मौके पर बीएलओ दीपक ने एसआईआर एप में आने वाली तकनीकी समस्या भी एसडीएम के समक्ष रखी। उन्होंने बताया कि एप में निर्धारित समय अवधि काफी जल्दी समाप्त हो जाती है, जिससे कार्य प्रभावित होता है।

#### ये रहे मौजूद

एसडीएम ने अभियान को गंभीरता और पारदर्शिता के साथ संचालित करने पर जोर दिया। पुनरीक्षण अभियान के माध्यम से मतदाता सूची को अद्यतन एवं सटीक बनाना निर्वाचन आयोग की प्राथमिकता है। इस अवसर पर बीएलओ जगबीर, बीएलए-2 सतीश मित्तल, सत्यवान सहित अन्य कर्मचारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

---

# लंबित मांगों को लेकर सरकार विरोधी नारेबाजी

- श्रम पोर्टल की खामियों, पंजीकरण एवं नवीनीकरण में आ रही परेशानियों को दूर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा हरियाणा के आह्वान पर सोमवार को जुलाना में निर्माण मजदूरों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। दौरान मजदूरों ने लेबर शेड से लेकर पुरानी अनाज मंडी तक श्रम मंत्री के पुतले की शव यात्रा निकाल कर उसका दहन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भवन निर्माण कामगार यूनियन के ब्लॉक उपाध्यक्ष सुरेश करसोला व इंटक की नेता सरोज ने संयुक्त रूप से की। संचालन दीनदयाल ने किया। प्रदर्शनकारी मजदूरों को संबोधित करते भवन निर्माण कामगार यूनियन के जिला सचिव संदीप जाजवान, जिला उपाध्यक्ष कपूर सिंह ने कहा कि प्रदेश के निर्माण मजदूर लंबे समय से अपने अधिकारों और कल्याणकारी योजनाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं लेकिन सरकार उनकी मांगों की लगातार अनदेखी कर रही है। श्रम पोर्टल की खामियों, पंजीकरण एवं नवीनीकरण में आ रही परेशानियों व विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से मजदूरों को वंचित किए जाने के कारण मजदूरों में भारी रोष है। मजदूर नेताओं ने मांग करते हुए कहा कि श्रम पोर्टल पर सभी प्रकार की दिक्कतों को तुरंत दूर किया जाए तथा निर्माण श्रमिकों की सभी लंबित योजनाओं के आवेदनों को जल्द स्वीकृत कर लाभ दिया जाए। सभी पात्र निर्माण मजदूरों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए और वर्ष 2025 में बंद हुई सहायता योजनाओं का लाभ भी पात्र मजदूरों को प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि मजदूरों की मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा और 21 जुलाई को जिला स्तर पर प्रदर्शन करते हरियाणा के डिप्टी स्पीकर के आवास का घेराव जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर जुलाना ब्लॉक के हर गांव में जाकर निर्माण ओर मनरेगा मजदूरों को जागरूक करते हरियाणा के श्रम मंत्री का पुतला दहन करते आगामी आंदोलन की तैयारी की जाएगी।



जींद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते मजदूर। फोटो :हरिभूमि

---



जींद। शिविर में शिकायतें सुनते हुए डीसी। फोटो :हरिभूमि

### शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश

**जींद।** डीसी डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत को पूरी गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर उसका निस्तारण किया जाए ताकि नागरिकों को बार.बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। सोमवार को जिला मुख्यालय में आयोजित समाधान शिविर के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की। इस अवसर पर एडीसी प्रदीप कुमार, एएसडीएम सत्यवान मान, डीएमसी अनिल कुमार दून, सीटीएम मोनिका रानी, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से बिजली, पेयजल, परिवार पहचान पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राजस्व तथा नगर निकायों से संबंधित समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है।

---

# जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें मेहनत से प्राप्त करें : मुन्नी देवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों को प्रेरित करने हेतु एक विशेष संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी देवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। कार्यक्रम के आरंभ में मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के प्राचार्य रविंद्र कुमार ने मुख्यअतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत किया तथा विद्यालय परिवार की ओर से उनका अभिनंदन किया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी देवी ने स्वयंसेवकों को जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने तथा उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करने का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक सीखने, अपने ज्ञान का विस्तार करने तथा अपने सपनों को साकार करने के लिए पूरी लगन और मेहनत से प्रयासरत रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सफलता उन्हीं को प्राप्त होती है जो कठिन परिश्रम, सकारात्मक सोच और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ते हैं। मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण और मानवीय मूल्यों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। उनके प्रेरणादायी विचारों ने स्वयंसेवकों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।



---



जींद। शिविर में योग करते साधक। फोटो :हरिभूमि

### योग प्राचीन संस्कृति की अनमोल देन : डॉ. जगबीर

**जींद।** छोटू राम किसान महाविद्यालय में बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस विशेष कार्यक्रम में कॉलेज के स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डा. जगबीर सिंह ने कहा कि योग हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति की एक अनमोल देन है। उन्होंने इस वर्ष के थीम श्स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योग करने से न केवल हमारा शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि यह मानसिक शांति और लंबी आयु के लिए भी बेहद जरूरी है। कार्यक्रम का सफल संचालन और देखरेख शारीरिक शिक्षा विभाग के इंचार्ज डा. राजपाल ढांडा द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित सभी विद्यार्थियों को योग की विभिन्न विधाओं, आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया। डा. राजपाल ने प्रत्येक आसन के शारीरिक लाभों के बारे में विस्तार से समझाया और दैनिक जीवन में कम से कम आधा घंटा योग करने की सलाह दी। योग सत्र के अवसर पर सभी प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई।

---

कसौली (हिमाचल प्रदेश )में निपुण मिशन 2.0 के तहत तीन दिवसीय लीडरशिप कॉन्क्लेव संपन्न

# आधुनिक शिक्षण तकनीकों पर विचार साझा किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा मौलिक शिक्षा के लोकव्यापीकरण और बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए हिमाचल प्रदेश के पर्यटन स्थल कसौली में तीन दिवसीय लीडरशिप कॉन्क्लेव निपुण 2.0 कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यशाला में पूरे हरियाणा राज्य के सभी जिलों से जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों व जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटरों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस तीन दिवसीय मंथन शिविर का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत निपुण भारत मिशन के क्रियान्वयन को और अधिक प्रभावी बनाना तथा प्रशासनिक व शैक्षणिक नेतृत्व क्षमता का विकास करना था। कार्यशाला के दौरान शिक्षा जगत और प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े कई बड़े चेहरों ने शिरकत की। कार्यक्रम में विशेष रूप से हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक स्वप्निल और राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम के निदेशक संवर्तक सिंह मौजूद रहे। अधिकारियों ने प्रशासनिक कौशल, टीम वर्क, संकट प्रबंधन और जमीनी स्तर पर शिक्षा नीतियों को बिना किसी बाधा के लागू करने के गुर सिखाए। कार्यशाला को वैश्विक दृष्टिकोण देने के लिए अंतरराष्ट्रीय वक्ताओं को भी आमंत्रित किया गया था। उन्होंने वैश्विक स्तर पर प्राथमिक शिक्षा में हो रहे बदलावों, बाल-मनोविज्ञान और आधुनिक शिक्षण तकनीकों पर अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि बुनियादी शिक्षा ही किसी भी छात्र के भविष्य की नींव होती है, इसलिए प्राथमिक स्तर पर काम करने वाले अधिकारियों का नेतृत्व कौशल उत्कृष्ट होना अनिवार्य है।



जींद। कार्यक्रम में राजेश वशिष्ठ को सम्मानित करते हुए।

#### अग्रणी राज्य बनकर उभरे हरियाणा

राजेश वशिष्ठ ने बताया कि कसौली कॉन्क्लेव में प्राप्त हुए अनुभवों और रणनीतियों को अब जींद सहित पूरे हरियाणा के स्कूलों में धरातल पर उतारा जाएगा। समापन सत्र में राज्य परियोजना निदेशक स्वप्निल ने सभी अधिकारियों से आह्वान किया कि वे कसौली से जो ऊर्जा और ज्ञान लेकर जा रहे हैं, उसे अपने-अपने जिलों के हर प्राथमिक विद्यालय तक पहुंचाएं ताकि हरियाणा देश में बुनियादी शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनकर उभरे।

---



समाधान शिविर में एसडीएम जगदीश चन्द्र लोगों की समस्यायों को सुनते हुए।

### एसडीएम की अध्यक्षता में समाधान शिविर संपन्न


**नरवाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में सोमवार को उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर संपन्न हुआ। स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित इस शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और जनसाधारण की समस्याएं सुनी। एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाए जा रहे है। इसी कड़ी में सोमवार को नरवाना में भी उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन हुआ। बताया कि यह शिविर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को प्रातः दस से 12 बजे तक निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। बताया कि समाधान शिविर का उद्धेश्य आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर समाधान करना है ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का बराबर लाभ मिल सके और समस्याओं के समाधान से जनसाधारण को राहत पहुंचे। एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि आज समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित पांच शिकायत प्राप्त हुई है। एसडीएम ने बताया कि समस्याओं का निदान मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारियों के माध्यम से करवाया जाता है।

ग्रामीणों और किसानों की मांगों को पूरा करने की मांग उठाई

# इनेलो हर आंदोलन में चलेगी कंधे से कंधा मिलाकर साथ: रामपाल

कचरा डंपिंग यार्ड के विरोध में ग्रामीणों के धरने का किया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा कचरा डंपिंग यार्ड के विरोध में धरने पर बैठे ग्रामीणों का समर्थन करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

खुराना रोड स्थित कचरा डंपिंग यार्ड के विरोध में पिछले कई दिनों से निरंतर किसानों और ग्रामीणों के चल रहे धरने का आज इनेलो प्रदेशाध्यक्ष हरियाणा रामपाल माजरा ने धरने पर पहुंचकर समर्थन किया और सरकार व प्रशासन से बिना देरी किए ग्रामीणों व किसानों की मांगों को पूरा करने की मांग की। इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार व प्रशासन ने ग्रामीणों व किसानों की मांगों की अनदेखी की और पूरा नहीं किया तो इनेलो किसानों व ग्रामीणों के साथ सडक़ों पर उतरने पर मजबूर होगी, जिसकी सारी जिम्मेवारी सरकार की होगी। कंचरा डंपिंग यार्ड संचालकों के पास प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जल विभाग और संबंधित ग्राम पंचायतों की आवश्यक एनओसी तक नहीं है। इसके बावजूद प्रशासन इस डंपिंग यार्ड को संचालित कराने का प्रयास कर रहा है, जिससे लोगों में भारी रोष है। इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि यह डंपिंग यार्ड निर्धारित नियमों और मानकों के विपरीत स्थापित किया गया है। धरनारत किसानों और ग्रामीणों की मांग है कि कचरा डंपिंग यार्ड को ऐसी जगह स्थानांतरित किया जाए, जहां सभी कानूनी और पर्यावरणीय मानकों का पालन किया जा सके। उन्होंने बताया कि कचरा डंपिंग यार्ड कुलतारण गांव से मात्र 10 फुट की दूरी पर स्थित है, जबकि कालू वाली गामड़ी और सेक्टर-21 से भी इसकी दूरी लगभग 300 मीटर है, जो नियमों के अनुरूप नहीं है। रामपाल माजरा ने सरकार व प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही ग्रामीणों व किसानों की मांगों पर गंभीरता से विचार कर इस समस्या का हल नहीं किया गया तो इनेलो ग्रामीणों व किसानों के हर आंदोलन में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेगी। जिसकी सारी जिम्मेवारी सरकार व प्रशासन की होगी।

▶▶| कचरा डंपिंग यार्ड गलत तरीके से संचालित किया जा रहा

### प्रशासन की ओर से अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई

इनेलो नेता रामपाल माजरा ने कहा कि स्थित कचरा डंपिंग यार्ड के विरोध में गत 12 जून से कालू वाली गामड़ी, डेरा गदला, सेक्टर-21, वार्ड-5, खुराना, कुलतारण, पट्टी अफगान, जगदीशपुरा, डोहर सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण आंदोलनरत हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कचरा डंपिंग यार्ड गलत तरीके से संचालित किया जा रहा है और इससे क्षेत्र में प्रदूषण फैलने के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सरकार व प्रशासन को ग्रामीणों व किसानों के स्वास्थ्य व जीवन के साथ खिलवाड़ किसी भीसरत में नहीं करने दिया जाएगा।

## राजौंद में ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा 'मम्मा दिवस' श्रद्धा व आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद


राजौंद। मम्मा दिवस पर सेवा केंद्र सुख शांति भवन में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद भाई बहन व अन्य। फोटो : हरिभूमि

राजौंद सेवा केंद्र सुख शांति भवन में ब्रह्माकुमारीज संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती का स्मृति दिवस अत्यंत श्रद्धा, गरिमा एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। यह दिवस संपूर्ण संस्था में 'मम्मा दिवस' के रूप में मनाया जाता है, जो मम्मा के अविस्मरणीय योगदान, उनके दिव्य गुणों और शिक्षाओं को आत्मसात करने का विशेष अवसर होता है।कार्यक्रम में विशेष आकर्षण तब देखने को मिला जब देवभूमि उत्तराखंड से पधारे वरिष्ठ राजयोगी ब्रह्माकुमार मेहरचंद भ्राता जी ने अपनी मधुर वाणी और प्रेरणादायक विचारों से उपस्थित जनसमूह को लाभान्वित किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 1919 में अमृतसर के एक साधारण परिवार में मम्मा का जन्म हुआ था और उनका बचपन का नाम ओम राधे था। ओम की ध्वनि के उच्चारण से वातावरण में शांति व्याप्त हो जाती थी, जिसके कारण वे 'ओम राधे' नाम से प्रसिद्ध हुईं। उन्होंने बताया कि मम्मा बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि और प्रतिभावान थीं। ब्रह्मा बाबा द्वारा दिया गया ज्ञान वे एक बार सुनकर ही अपने जीवन में उतार लेती थीं।

24 जून 1965 को उन्होंने अपने नश्वर शरीर का त्याग कर संपूर्णता को प्राप्त किया। वर्ष 1937 में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की स्थापना के समय ब्रह्मा बाबा ने माताओं-बहनों के नाम एक ट्रस्ट बनाकर उसकी जिम्मेदारी मम्मा को सौंपी थी, जिसे उन्होंने अत्यंत कुशलता के साथ निभाया।मम्मा के दिव्य गुणों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि वे एक चलती-फिरती तपस्विनी थीं, जिनकी मौन उपस्थिति आत्मा को जागृत कर देती थी। उन्होंने मम्मा के छह प्रमुख गुणों का उल्लेख किया—स्वधर्म में स्थिति, मौन शक्ति द्वारा सेवा, सत्य व मर्यादा का पालन, श्रेष्ठ संकल्प व निर्दोष दृष्टि, ईश्वरीय आज्ञाकारिता और सर्व के प्रति मातृत्व भाव। असंध सेवा केंद्र से आई ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी ने कहा कि मम्मा साक्षात शक्ति का स्वरूप थीं। आज की नारी के लिए वे एक श्रेष्ठ आत्मिक आदर्श हैं। कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्रों से आए भाई-बहनों ने मम्मा के प्रति श्रद्धा-सुमन अर्पित किए और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## पौधरोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

पूंडरी। मानसून सत्र के शुभारंभ से पहले महाराजा अग्रसेन कॉलेज ऑफ एजुकेशन पूंडरी में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार की देखरेख में हुई, जिसमें कॉलेज स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रकार के फलदार एवं फूलों के पौधे लगाए। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में पौधों का रोपण कर हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी स्टाफ सदस्यों को एक-एक पौधा भी वितरित किया गया, ताकि वे अपने स्तर पर भी पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकें। स्टाफ सदस्यों ने पौधों की देखभाल और सुरक्षा का संकल्प लिया।

## कैथल भाजपा संगठन में नई नियुक्तियां विजेंदर मैहला ने दी शुभकामनाएं



ढांड। भारतीय जनता पार्टी जिला कैथल द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नई संगठनात्मक नियुक्तियों की घोषणा की गई है। जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी द्वारा जारी पत्र के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, संगठन महामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा तथा जिला प्रभारी अमरपाल राणा से विचार-विमर्श के उपरांत इन नियुक्तियों को अंतिम रूप दिया गया। जारी सूची के अनुसार सुरेश संधू को जिला उपाध्यक्ष, जंगीर सिसला को जिला महामंत्री तथा रविंद्र धीमान को जिला कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। इसके अलावा लोकेश राणा को जिला आईटी प्रमुख तथा सचिन कुमार, चमकीला, आशीष कुलरशा और दीपक कुमार नंदरोजोग को जिला आईटी सह-प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन नियुक्तियों पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं ढांड मंडल अध्यक्ष तथा ढांड मार्केट कमेटी चेयरमैन विजेंद्र मैहला ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा योग्य एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपना संगठन की मजबूती का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी नव-नियुक्त पदाधिकारी पार्टी की नीतियों और जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## आरकेएसडी महाविद्यालय ने तीन प्रतिष्ठित संस्थाओं के साथ किया एमओयू



कैथल। आरकेएसडी महाविद्यालय, कैथल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों के अनुरूप विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, रोजगारपरक एवं भविष्य उन्मुख शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में तीन प्रतिष्ठित संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन संपन्न किए हैं। इन समझौतों के माध्यम से विद्यार्थियों को कौशल विकास, प्रशिक्षण, औद्योगिक अनुभव, सामाजिक सेवा तथा रोजगार संबंधी विविध अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। महाविद्यालय ने भारत केयर्स बाय एसएमईसी ट्रस्ट (सीएसआरबॉक्स फाउंडेशन) के साथ हुए समझौते के अंतर्गत विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा, आँकड़ा विश्लेषण तथा अन्य नवीन तकनीकी क्षेत्रों में निःशुल्क प्रशिक्षण, प्रमाणित ऑनलाइन पाठ्यक्रम, मार्गदर्शन, कार्यशालाएँ, नवाचार प्रतियोगिताएँ तथा व्यवहारिक शिक्षण की सुविधाएँ उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। इससे विद्यार्थियों में आधुनिक तकनीकी दक्षताओं का विकास होगा तथा वे भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार कर सकेंगे।

## जल संरक्षण जनभागीदारी से ही संभव: दीपक कुमार



राजौंद। खंड के गांव गुलियाना में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो में जिला सलाहकार दीपक कुमार तथा कनिष्ठ अभियंता अमित कुमार की अगुवाई में पेयजल के अवैध उपयोग के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 4 कनेक्शन काटे गए, जिनमें 3 अवैध कनेक्शन मुख्य पेयजल पाइप लाइन से किए गए थे तथा एक कनेक्शन सब्जी की खेती में उपयोग किया जा रहा था।जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि कमल बहल, कार्यकारी अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल नंबर 2 कैथल के निर्देशानुसार गांव में यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि विभाग को गांव में जल आपूर्ति प्रभावित होने तथा पेयजल के दुरुपयोग संबंधी शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई।जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि गांव गुलियाना में कुछ उपभोक्ताओं द्वारा घरेलू उपयोग के लिए उपलब्ध कराए जा रहे पेयजल का उपयोग सब्जी की खेती तथा अन्य अनधिकृत कार्यों में किया जा रहा था, जिससे गांव के अन्य उपभोक्ताओं को पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही थी।

## केंद्र व राज्य सरकार निजीकरण के नाम पर विभागो को सिकोड़ना चाहती है : कृष्ण

कैथल। एसकेएस जिला कार्यकारणी की विस्तारित बैठक जवाहर पार्क स्थित संगठन कार्यालय मे जिला प्रधान ओमपाल भाल की अध्यक्षता मे हुई व संचालन जिला सचिव शिवचरण किया। मिटिंग मे एसकेएस के सभी ब्लॉको के प्रधान,सचिव व कैशियर विभागीय यूनियन से सैकड़ो पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक मे बतौर मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य महासचिव कृष्ण नैन,वरिष्ठ उपप्रधान जरनैल सिंह ने कहा की केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार किसान- मजदूर कर्मचारी व आम मेहनतकश वर्ग पर कार्पोरेट परस्त नीतियों को थोप रही है जिससे देश व प्रदेश आज गहरे आर्थिक, सामाजिक और लोकतांत्रिक संकट से गुजर रहा हैं। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा पूंजीपतियों के हित में सरकारी विभागों का निजीकरण व ठेकेदारीकरण किया जा रहा है, जिससे सार्वजनिक सेवाएं कमजोर हो रही हैं।



## सिरसल में बूथ अध्यक्षों व बीएलए-2 कार्यकर्ताओं की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

पूंडरी। गांव सिरसल में वाइस चेयरमैन मार्केट कमेटी पूंडरी देवी दयाल बरसाना ने बूथ अध्यक्षों एवं बीएलए-2 कार्यकर्ताओं की बैठक में भाग लिया। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाता सूची के शुद्धिकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में केवल पात्र मतदाताओं के नाम शामिल हों और किसी भी प्रकार से गलत तरीके से वोट न बन सके, इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को गंभीरता से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से न छूटे और अपात्र नामों की पहचान कर उन्हें नियमानुसार हटाने की प्रक्रिया में सहयोग किया जाए। उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक बूथ पर दो-दो कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी लगाई।

## पत्नी गई थी मायके, पति ने फांसी लगा दी जान, परिवार में मातम



जींद। गांव जलालपुरा खुर्द में बीती रात एक व्यक्ति ने संदिग्ध हालात के चलते अपने मकान में फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना के दौरान मकान में अकेला था। पत्नी मायके गई हुई थी। सदर थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनो को सौंप दिया है। गांव जलालपुरा खुर्द निवासी प्रदीप (26) ने बीती रात संदिग्ध हालात के चलते अपने मकान में फांसी लगा लिया। मृतक अपने मकान में अकेला था। परिजनों को घटना का उस समय पता चला जब प्रदीप सोमवार को काफी देर तक बाहर नही आया। जब उन्होंनेकमरे के दरवाजे को खोल कर देखा तो वह फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मृतक के भाई कुलदीप ने पुलिस को बताया कि उसका भाई घरों में रंग रोगन का कार्य करता था। वह शराब पीने का भी आदी था। उसकी पत्नी चार पांच दिन से अपने मायके गई हुई थी। सोमवार को उसकी पत्नी ने प्रदीप को फोन भी किए थे लेकिन कोई जवाब नही मिला। जिस पर उसकी पत्नी प्रदीप के फोन न उठाने के बारे में परिजनों को बताया। जब उन्होंने कमरे में जाकर देखा तो प्रदीप फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। मृतक के भाई ने पुलिस को बताया कि उसका शराब की लत से परेशान था। जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर थाना की जांच अधिकारी रीना ने बताया कि मृतक को परिजनों ने शराब की लत के कारण परेशान बताया है। फिलहाल इत्तफाकिया कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है।

## तनावमुक्त होकर बेहतर सेवा दे सकेंगे पुलिसकर्मी : अशोक

कैथल। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन तथा कार्यक्षमता में वृद्धि के उद्देश्य से सहजयोग ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंडल कार्यालय के सभी पुलिस कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ध्यान सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में नरेश कुमार, डॉ. सुमन कपीला, आनंद कुमार तथा ज्योति ने सहजयोग ध्यान की विधि एवं उसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को ध्यान का अभ्यास भी करवाया। वक्ताओं ने बताया कि सहज योग के माध्यम से कुंडलिनी जागृति एवं आत्मसाक्षात्कार द्वारा ईश्वरीय प्रेम की अनुभूति, मानसिक शांति तथा आत्मज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। नियमित ध्यान अभ्यास से साधक निर्विचार अवस्था को प्राप्त कर तनाव, चिंता एवं मानसिक दबाव से मुक्ति पा सकता है। उन्होंने बताया कि विश्व के 100 से अधिक देशों में लाखों लोग सहज योग के माध्यम से स्वस्थ एवं सुखद जीवन का लाभ उठा रहे हैं। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक अशोक कुमार ने कहा कि पुलिस कर्मचारियों को अपने दायित्वों के निर्वहन के दौरान विभिन्न प्रकार के मानसिक एवं शारीरिक दबावों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में ध्यान एवं योग जैसी गतिविधियां उन्हें तनावमुक्त रखने तथा बेहतर कार्य करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने बताया कि उनके दिशा-निर्देशानुसार करनाल मंडल के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य संवर्धन तथा तनाव प्रबंधन के लिए सहजयोग टीम द्वारा इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

## होटल में चल रही थी वेश्यावृत्ति, पुलिस ने मारा छापा, मची खलबली




जींद। राजकीय महिला महाविद्याल के निकट चल रहे होटल एव रेस्टोरेंट पर सोमवार दोपहर बाद सिविल लाइन थाना पुलिस ने छापेमारी कर वेश्यावृति का भंडाफोड़ किया है। छापेमार के दौरान रेस्टोरेंट से तीन महिला तथा एक युवक हालात में मिले। सिविल लाइन थाना पुलिस तीन महिलाओं तथा संचालक समेत छह लोगों के खिलाफ वेश्यावृति निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि राजकीय महिला महाविद्यालय के निकट गली मे महादेव रेस्टोरेंट तथा होटल में बाहर से लड़कियां लाकर वेश्यावृति करवाई जाती है। सूचना के आधार पर डीएसपी रिषभ सोढ़ी के नेतृत्व में छापामार टीम का गठन किया गया। योजना के मुताबिक पुलिस ने फर्जी ग्राहक बना कर सादे कपड़ों में पुलिस कर्मी को भेजा। रेट तय होने के साथ इशारा मिलने पर छापामार टीम होटल के अंदर घुस गई। अंदर बने कमरों में तीन महिलाएं तथा एक युवक संदिग्ध हालात में पाया गया। छानबीन में सामने आया कि श्याम नगर निवासी संजय रेस्टोरेट होटल को चला रहा था। जो रोहतक रोड निवासी सुनील के साथ मिल कर वेश्यावृत्ति करवाता था। बाहर से लड़किया लाकर उनसे होटल में वेश्यावृत्ति करवाई जाती थी। खास बात यह भी है कि लड़कियों के कालेज के साथ गली में यह रेस्टोरेंट होटल होने के कारण छात्राओं तथा वहां गुजरने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। यहा पर आवारा तत्वों का आवागमन भी लगा रहता था। सिविल लाइन थाना पुलिस ने होटल संचालक संजय, उसके साथ सुनील तथा संदिग्ध हालात में मिले युवक तथा तीनों महिलाओं के खिलाफ वेश्यावृत्ति निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना प्रभारी आशीष कुमार ने बताया वेश्यावृत्ति की शिकायत मिलने पर रेस्टोरेंट होटल पर छापेमारी की गई थी। जहां से तीन महिलाओं समेत छह लोगों को काबू किया है।

## नपा चेयरपर्सन ने किया वाटर कूलर का उद्घाटन

राजौंद। सांसद नवीन जिन्दल की ओर से कैथल जिले के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर आमजन की सुविधा के लिए वाटर कूलर लगवाऐ जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज राजौंद में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप चौक के पास लगवाए गए वाटर कूलर का उद्घाटन बबीता रानी चेयरपर्सन नगरपालिका राजौंद और विरेन्द्र राविश चेयरमैन मार्किट कमेटी राजौंद ने किया। इस अवसर पर बबीता रानी ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल द्वारा जनसेवा के लिए समर्पित हैं। इस स्थान पर लगा वाटर कूलर आमजन के लिए लाभदायक होगा। सांसद नवीन जिन्दल द्वारा समाज कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं से लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इस अवसर पर विरेन्द्र राविश चेयरमैन मार्किट कमेटी राजौंद ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उपरोक्त जानकारी देते हुए सांसद नवीन जिन्दल के कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल द्वारा अपने निजी कोष से चारों विधानसभा क्षेत्रों के प्रमुख बस स्टैंडों, चौक एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कूलर लगवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर राजेश उप चेयरमैन मार्किट कमेटी राजौंद, सतविंदर राणा काका राणा अनु राणा महिला मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष, कमल राणा, राजेन्द्र राणा पार्षद प्रतिनिधि, सोनू राणा पार्षद प्रतिनिधि, पप्पू राणा प्रधान शिव धर्मशाला, पवन शर्मा, अभिषेक राणा, वीरेंद्र सारण और सचिन प्रजापत उपस्थित रहे।



## सर्वसम्मति से चुनी गई भवन एवं मार्ग शाखा पूंडरी की नई कार्यकारिणी

पूंडरी। हरियाणा सर्व पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की भवन तथा मार्ग शाखा पूंडरी का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया यूनियन के राज्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, पूंडरी में आयोजित की गई। चुनाव में कर्मचारियों एवं यूनियन सदस्यों ने बढ़-चढक़र भाग लिया और नई कार्यकारिणी के गठन पर सहमति जताई। चुनाव प्रक्रिया की अध्यक्षता ईश्वर सिंह सांगवी ने की। इस अवसर पर यूनियन के राज्य पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। शाखा के कर्मचारियों ने संगठन की नीतियों और नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त करते हुए सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चयन किया। चुनाव के दौरान सभी कर्मचारियों और सदस्यों की सहमति से पदाधिकारियों का चयन किया गया।

अपील | स्टंबल लैब, प्यारी बेटी मुहिम के बाद डीसी अपराजिता की एक ओर नई पहल

## घरों में रखे अनावश्यक एवं कटे-फटे कपड़े दान करें आमजन : अपराजिता

### अपराजिता ने नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि वे शहर में अलग-अलग जगहों पर बॉक्स रखवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल। डीसी अपराजिता अधिकारियों से बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

डीसी अपराजिता ने जिले के आमजन से अपील की है कि वे अपने बिना प्रयोग में आने वाले व कटे फटे कपड़ों को नालियों व खाली जगहों में न फेंकें। ऐसे कपड़े नालियों को ब्लॉक करते हैं और खाली जगहों में ऐसे कपड़े शहर के स्वच्छता अभियान में बाधा पहुंचाते हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए आमजन आगे आएं और ऐसे कपड़े जिला प्रशासन द्वारा रखे जाने वाले बॉक्स में दान करें। शहर में कई जगहों पर ऐसे बॉक्स रखवाए जाएंगे। जिले में स्टंबल लैब के माध्यम से बच्चों को प्रोत्साहित कर रहीं डीसी अपराजिता द्वारा इससे पूर्व प्यारी बेटी मुहीम के तहत बेटियों को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी दिशा में डीसी अपराजिता की यह नई मुहिम है। ताकि पर्यावरण संरक्षण में सभी लोग अपना योगदान दे सकें। साथ ही शहर में स्वच्छता को बनाकर रखा जा सके। डीसी कार्यालय में इस संबंध में आयोजित बैठक में डीसी अपराजिता ने नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि वे शहर में अलग-अलग जगहों पर बॉक्स रखवाएं। ये बॉक्स ऐसी जगह रखवाएं जाएं, जहां लोग आसानी से पहुंच कर कपड़े दान कर सकें। इसके बाद इन बॉक्स से सभी कपड़ों को एक जगह एकत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाजसेवी संस्थाओं का सहयोग लेकर कपड़े को एकत्रित किया जाए। जिसमें रिहायशी कल्याणकारी संस्थाएं भी शामिल की जाएं। ताकि अधिक से अधिक लोगों तक अभियान की जानकारी पहुंचे और स्वच्छ भारत मिशन में इस मुहिम का असर दिखे। एकत्रित किए गए कपड़ों में से प्रयोग किए जाने लायक कपड़ों को जरूरतमंदों को दान किया जाएगा। जो कपड़ा फटा व प्रयोग लायक नहीं है, उसे एजेंसी द्वारा रिसाइकिल करके फाइबर में तब्दील किया जाएगा। नालियों को जाम करते हैं फेंके गए कपड़े, फटे-फटे कपड़ों बिखरने से स्वच्छता पर होता है असर डीसी अपराजिता ने कहा कि ऐसे ही फेंके गए कपड़ों के कारण नालियां ब्लॉक होती हैं। साथ ही इधर-उधर बिखरे कपड़े शहर के सौंदर्यीकरण को प्रभावित करते हैं। इसलिए प्रयास किया जाएगा कि कपड़े ऐसे ही सड़कों पर न फेंके जाएं।

### समाज सेवी संस्थाओं का लिया जाएगा सहयोग

डीसी ने कहा कि इस अभियान में समाज सेवी एवं शिक्षण संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाएगा। जो संस्थाएं इस क्षेत्र में पहले से काम कर रही हैं, उनके अनुभव का भी लाभ मिलेगा।

### न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार जींद।

राजेश कुमार पुत्र तारा चन्द पुत्र देवा सिंह निवासी सुभाष नगर, रोहतक रोड, जीन्द तहसील व जिला जीन्द
बनाम
जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि प्रार्थी ने बताया है कि उसके पिता जी तारा चन्द पुत्र देवा सिंह का दिनांक 06.02.2020 को स्वर्गवास हो चुका है। यह कि उसकी दादी श्रीमती अनकोरी का भी काफी साल पहले स्वर्गवास हो चुका है। जो उनके फौत होने के बाद उसके वारिसों की तसदीक करवा रहे हैं। जो दरखास्त अनुसार तारा चन्द पुत्र देवा सिंह के निम्नलिखित कानूनी वारिस बताये हैं।

| क्रमांक | नाम | (मरने वाले से सम्बन्ध) |
|---|---|---|
| 1 | सोना | पत्नी |
| 2 | सुरेन्द्र कुमार | पुत्र |
| 3 | राजेश कुमार | पुत्र |
| 4 | संतरा | पुत्री |
| 5 | संतोष | पुत्री |
| 6 | सुनीता | पुत्री |

इसके अलावा मृतक का कोई अन्य वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके संबंध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस नोटिस / इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है यदि किसी व्यक्ति को तारा चन्द पुत्र देवा सिंह के वारिसों बारे कोई शक या एतराज हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिनों के अन्दर-2 इस कार्यालय के कार्यदिवस पर अपना एतराज प्रस्तुत कर सकता है।
यह नोटिस बाबत इश्तहार दिनांक 22.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, जींद

### न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार जींद।

मैं, सौरभ भटनागर पुत्र स्व. विजय भटनागर निवासी 351/5 गांधी नगर जिला जीन्द।
बनाम
जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि (प्रार्थी) सौरभ भटनागर पुत्र स्व. विजय भटनागर निवासी 351/5 गांधी नगर जिला जीन्द ने एक दस्तावेज जिसमे प्रार्थी के पिता स्व. विजय भटनागर पुत्र स्व. महावीर सवरूप 1/2 भाग के मालिक व काबिज बरूवे वसीका नंबर 3770 दिनांक 13.12.2006 तसदीकशुदा सबरजिस्टरार साहिब जीन्द अनुसार थे जिसका प्रोपर्टी आइ डी नंबर 3K248HU4 है। इस जायदाद को विक्रय पत्र / ट्रांसफरडीड, स्वामित्व प्रमाण पत्र के पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता स्व. विजय भटनागर का दिनांक 08 सितंबर 2025 को स्वर्गवास हो चुका है व प्रार्थी की माता धनेश कुमारी पत्नी स्व. महावीर सवरूप का स्वर्गवास भी कई वर्षों पहले हो चुका है। उक्त मृतक स्व. विजय भटनागर पुत्र स्व. महावीर सवरूप के स्वर्गवास उपरांत उनके निम्न 03 लीगल वारिसों के नाम इस प्रकार हैं -
1-मंजू भटनागर पत्नी 2-गौरव भटनागर 3-सौरभ भटनागर पुत्रान स्व. विजय भटनागर पुत्र स्व. महावीर सवरूप हैं।
इनके अलावा मृतक का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके संबंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसके लिए हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उतराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वंय / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरांत 30 दिन के अंदर-अंदर इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जाएगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 19.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, जींद

## खबर संक्षेप

### सोसाइटी व बैंक कर्मियों में बनी सहमति

**पाई।** सोमवार को पाई में सोसाइटी व बैंक कर्मचारियों में सहमति के बाद किसानों ने राहत की सांस ली और लिए कर्ज की क्लीयरेंस मिलने के बाद किसानों को आगे खाद आदि फिर से लेने का रास्ता साफ हो गया। दो दिन पूर्व पाई में सोसाइटी बैंक का नया मैनेजर आया था। जिन्होंने सोसाइटी में लगे कर्मचारियों के हस्ताक्षर मानने से इनकार कर दिया था। जिस कारण से किसानों द्वारा लिया गया कर्ज जमा करवाने के उपरांत भी उनके बैंक खाते से बैंक मैनेजर द्वारा कॉफी से नहीं उतरा जा रहा था। जिस कारण से किसानों के सामने आगे खाद आदि लेने का रास्ता बन्द हो गया था।

### स्कार्पियो और कार की भिडंत में बचे दंपत्ति

**कैथल।** जम्मू से दिल्ली जा रहे केरल के एक परिवार की कार को गांव बढ़सीकरी में जम्मू-कटरा एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि गनीमत यह रही कि दंपती और उनका बच्चा बाल-बाल बच गए। पुलिस को दी शिकायत में कोझिकोड निवासी भारिश ए ने बताया कि वह अपनी पत्नी और बच्चे के साथ फोर्ड कार में दिल्ली की ओर जा रहे थे। 21 जून को सुबह करीब 4:30 बजे सुरता खेड़ा और कमालपुर के बीच एक्सप्रेस-वे पर बच्चे को दूध पिलाने की जरूरत पड़ने पर उन्होंने कार को सड़क के अत्यंत बाईं ओर सुरक्षित स्थान पर खड़ा कर दिया। इसी दौरान हरियाणा नंबर की एक काली स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी।

### चारा में पेयजल उपयोग करने वालों को नोटिस

**जींद।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की संयुक्त टीम ने गांव रजाना खुर्द में सब्जी व हरा चारा में अवैध रूप से पेयजल का उपयोग करने वाले 35 पेयजल उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किया गया है। जल्द ही इन लोगों के खिलाफ आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### प्रपत्र बांटने के कार्य को जल्द पूरा करें अधिकारी

**कैथल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत संबंधित अधिकारी प्रपत्र बांटने का कार्य में ओर अधिक तेजी लाएं। हालांकि जिले की टीम द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है। सोमवार शाम तक करीब 96.9 प्रतिशत प्रपत्र बांटे जा चुके हैं, जल्द इसे शत प्रतिशत किया जाए। सभी निर्वाचक पंजीयन अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में कार्य की नियमित मॉनिटरिंग रखें।

### मूर्ति स्थापना महोत्सव 23 और 24 को

**उचाना।** गांव करसिंधु स्थित मंदिर में शिव परिवार की भव्य मूर्ति स्थापना को लेकर दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट करसिंधु के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक महोत्सव को लेकर गांव में श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। ट्रस्ट प्रधान सतबीर करसिंधु ने बताया कि 23 जून को गांव में भव्य कलश यात्रा एवं शिव परिवार मूर्ति परिक्रमा निकाली जाएगी।

### डीसी के रक्त जांच की रिपोर्ट गलत आने पर सिविल सर्जन ने मांगी रिपोर्ट

# नागरिक अस्पताल में खामियों की जांच शुरू, लापरवाह कर्मियों पर गिरेगी गाज

**सफाई व अन्य कमियों को लेकर भी किए जा रहे प्रभारियों से जवाब-तलब**

हरिभूमि न्यूज ▶▶जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में लापरवाह कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू होने जा रही है। पिछले मंगलवार को डीसी डा. वैशाली शर्मा ने एडीसी प्रदीप कुमार के साथ अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था। रक्त की जांच करवाने पर 10.5 ग्राम की जगह 15.3 ग्राम रक्त दिखा दिया। जिस पर तुरंत डीसी ने मशीन को बदलने के आदेश दिए थे। डीसी के नागरिक अस्पताल के दौरे में जो खामियां मिली थी, उनको लेकर अब स्वास्थ्य विभाग ने जवाब तलब करने शुरू कर दिए हैं। डीसी के रक्त की जांच की गई तो वह गलत मिला, इसको लेकर लैब प्रभारी से जवाब मांगा गया है। वहीं साफ.-सफाई, गायनी विभाग में जो कमियां मिली, उनके प्रभारियों से भी जवाब मांगा गया है। यदि स्वास्थ्य विभाग कमियों को दूर करने के प्रयास करता है तो अस्पताल में काफी सुधार होने की संभावना है।



जींद। नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए आई मरीज। फोटो: हरिभूमि

### ब्लड जांच मशीन में गड़बड़ी की बात आ रही सामने

नागरिक अस्पताल के पीएमओ डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि डीसी की ब्लड जांच रिपोर्ट गलत आने पर भी जवाब मांगा गया है। फिलहाल मौखिक रूप से पता चला है कि जांच मशीन में कुछ गड़बड़ थी। सही बात पूरी रिपोर्ट मिलने के बाद ही पता चलेगी। डीसी डा. वैशाली शर्मा के गत मंगलवार को दौरे के दौरान अस्पताल में कुछ कमियां मिली थी। इनको दूर कर लिया गया है। इसके अलावा जिन-जिन विभागों की कमियां थी, उनके प्रभारियों से जवाब मांगे गए हैं। पूरी रिपोर्ट बनाकर सिविल सर्जन को जल्द ही सौंप दी जाएगी।

### मंगलवार को निरीक्षण पर पहुंची थीं डीसी

नागरिक अस्पताल में व्यवस्थाओं की जांच को लेकर डीसी डा. वैशाली शर्मा ने 16 जून को दौरा किया था। पुरानी बिल्डिंग के महिला शौचालय की सफाई को लेकर कहा था कि यहां कोई पांच मिनट भी नही खड़ा हो सकता है। यहां रोस्टर की जानकारी हासिल करनी चाही तो वो भी नही मिली। इसके बाद नई बिल्डिंग में खुद का एचबी चैक करवाने के लिए कहा। जब एचबी की जांच की गई तो 15.3 ग्राम पाया गया। यहां डीसी बोली कि मशीन में गड़बड़ी है। तीन दिन पहले जांच करवाई थी तो 10.5 ग्राम एचबी था। फायर सिस्टम चालू नही मिलने पर दिशा-निर्देश दिए थे। इसके अलावा गाइनी वार्ड से लेकर आयुष्मान विभाग, इमरजेंसी विभाग में भी काफी खामियां मिली थी। सफाई को लेकर विशेष रूप से डीसी काफी नाराज हुई थी। इस पूरे मामले की रिपोर्ट जब स्वास्थ्य मुख्यालय पहुंची तो जिला स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया। अब जो-जो खामियां अस्पताल में मिली थीख उनके प्रभारियों से जवाब मांगे जा रहे हैं। इन सभी की रिपोर्ट बना कर मुख्यालय को भेजी जाएगी। फिलहाल सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली ने प्रधान चिकित्सा अधिकारी को पत्र जारी करते हुए रिपोर्ट तलब की है।



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी प्रदीप कुमार। फोटो: हरिभूमि

# मतदाता सूची से किसी पात्र का नाम बाहर न रहे : एडीसी

- रैली, प्रभात फेरी, जागरूकता शिविर एवं अन्य स्वीप गतिविधियों के माध्यम से युवाओं और आमजन को करें जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶जींद

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और स्वीप गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को एडीसी कार्यालय के कांफ्रेंस हॉल में अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसका मुख्य उद्देश्य जिले में अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ना और मतदाता जागरूकता को मजबूत करना रहा।

अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एसआईआर अभियान को पूरी गंभीरता और व्यापक स्तर पर चलाया जाए ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने या संशोधन कराने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को पूरी तरह अपडेट और त्रुटि रहित बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि आगामी 14 जुलाई तक बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाता सूची का भौतिक सत्यापन करेंगे। इसके बाद 21 जुलाई को प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। फिर नागरिक 21 जुलाई से 20 अगस्त तक नाम जोडऩेए हटाने या संशोधन के लिए दावे व आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे।

### उपलब्ध कराएं जानकारी

एडीसी ने कहा कि जिले के सभी शिक्षण संस्थानों में हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगेए ताकि छात्र व छात्राओं को मतदाता पंजीकरण से संबंधित जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। युवाओं के माध्यम से आमजन को जागरूक करने के लिए रैली, प्रभात फेरी, पोस्टर बैनर अभियान, जागरूकता शिविर एवं अन्य स्वीप गतिविधियों का व्यापक आयोजन किया जाए। प्रत्येक शिक्षण संस्थान में एक नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया जाएए जो अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करेगा। अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने तथा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। कहा स्वीप गतिविधियों को कल से ही पूरे जिले में सुचारू रूप से शुरू किया जाए।

# फादर डे पर बुजुर्गों को दिया गिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶जींद

जेसीआई एल्यूमिनी क्लब द्वारा रविवार को बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ फादर डे मनाया गया। जिसमें शहर की धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं जेसीआई के सभी सदस्य के माता-पिता के घर-घर जाकर उनकी लंबी आयु की कामना की। इस अवसर पर क्लब की ओर से बुजुर्गों को एक एक स्मृति चिन्ह एवं संस्था की तरफ से शुभकामनाओं सहित एक यादगार गिफ्ट हैम्पर दिया गया। जिसमें सभी सदस्यों के माता-पिता एवं संस्थाओं के पदाधिकारीयों ने इस कार्य की जमकर प्रशंसा व सराहना की। क्लब के पीआरओ अशोक खरब ने बताया कि जेसीआई एल्यूमिनी क्लब हर वर्ष ऐसा कार्यक्रम आयोजित करती है ताकि इसमें माता-पिता के प्रति संस्कार भी बच्चों में उत्पन्न हो और बच्चों को बुजुर्गों के मान सम्मान के प्रति भी भाव पैदा हो। इसलिए सदस्यों के घर-घर जाकर क्लब सदस्यों ने बच्चों के हाथों से दादा-दादी या माता-पिता उनको यह सम्मान दिलवाया गया। इस कार्यक्रम में जेसीआई एल्यूमिनी क्लब जींद रीजन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, जेसी नितिन गोयल, अशोक खरब, प्रवीण गौतम, अजय गर्ग, प्रवीण जिंदल, चंद्रभान, अजय गर्ग सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।



जींद। फादर्स डे पर गिफ्ट हैम्पर देते हुए संस्था सदस्य। फोटो: हरिभूमि

# नपा कर्मचारी संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

- मांगे पूरी नहीं होने से हैं नाराज, मई में कर चुके हैं दो सप्ताह की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कलायत

कलायत नगर पालिका कर्मचारी संघ ने अपनी लंबित मांगों को पूरा करवाने के लिए रणनीति तैयार करने की कार्यवाही शुरू कर दी है। इसके तहत सरकार द्वारा स्वीकृत मांगें पूरी न होने पर कर्मचारियों ने हरियाणा में आंदोलन की चेतावनी दी है। मांगों को लेकर नगरपालिका कर्मचारी संघ द्वारा मई माह में दो सप्ताह तक हड़ताल की थी। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि उपरांत 17 मांगों पर सहमति बनी थी। इन मांगों को सरकार ने 30 जून तक लागू करवाने का आश्वासन दिया था। नपा एसोसिएशन प्रधान संजीव कुमार ने कहा कि सरकार ने अभी तक मानी गई मांगों में से कुछ के पत्र जारी किए हैं। नगरपालिका में इन पत्रों पर कार्यवाही लंबित है। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित 30 जून तक मांगों को लागू नहीं किया गया तो पूरे प्रदेश में नगरपालिका कर्मचारी संगठन फिर से हड़ताल पर चला जाएगा।

मांगी गई मांगों में से सरकार ने अभी तक पांच मांगों के पत्र जारी किए हैं। इसमें स्वच्छता के आधार पर रैंकिंग के अनुसार सफाई कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि दिए जाने, बेगार प्रथा बंद करने, छंटनी किए गए कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापिस लेने, 1 से 14 मई तक की राज्यव्यापी हड़ताल अवधि का वेतन देने बारे और सफाई कर्मचारियों व सीवरमैनों को पक्का करने के लिए निचले स्तर से रिपोर्ट मंगवाने की मांगें शामिल हैं।



कलायत। नगर पालिका सचिव के नाम कर्मचारी सुमित कुमार को मांग पत्र सौंपते कर्मी।

### प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

कलायत नगर पालिका के अधीन आने वाल सात पार्कों के रखरखाव कार्य से जुड़े कर्मचारियों की हड़ताल पांचवें दिन भी जारी रही। कर्मचारियों ने शहर के विभिन्न पार्कों में कामकाज पूरी तरह बंद रखकर नगर पालिका कार्यालय परिसर में धरना दिया। प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि सभी 9 कर्मियों को पिछले पांच माह से वेतन नहीं मिला है। कुछ अधिकारी व एजेंसी के लोग बकाया वेतन की मांग न करने का दबाव बना रहे हैं।

# नेपाल में चमके कैथल के रोलर बास्केटबॉल खिलाड़ी

- गोल्ड मेडल जीतकर बढ़ाया देश और प्रदेश का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल

नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित 8वीं इंडो-नेपाल अंतरराष्ट्रीय रोलर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में कैथल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में भारतीय टीम ने मेजबान नेपाल की टीम को कड़े मुकाबले में पराजित कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जिले में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता से लौटने पर खिलाड़ियों का कैथल बस स्टैंड पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों, खेल प्रेमियों और स्थानीय लोगों ने खिलाड़ियों का फूल-मालाओं से अभिनंदन किया। वार्ड पार्षद सुशीला शर्मा भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए मौके पर पहुंचीं और उनकी उपलब्धि पर बधाई दी। कोच दीपक कौशिक ने बताया कि टीम ने प्रतियोगिता के लिए लंबे समय तक कड़ी मेहनत की थी। खिलाड़ियों ने अनुशासन, समर्पण और टीम भावना के साथ खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सही रणनीति, निरंतर अभ्यास और लक्ष्य पर केंद्रित रहने की बदौलत टीम यह सफलता हासिल कर सकी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने हर मुकाबले में आत्मविश्वास के साथ खेल दिखाया और कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य बनाए रखा। यही कारण रहा कि टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। कोच ने विश्वास जताया कि भविष्य में भी खिलाड़ी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।



कैथल। मेडल जीतकर आए खिलाड़ियों का स्वागत करते पदाधिकारी।

### ये रहे विजेता

स्वर्ण पदक विजेता टीम में भूमिका सिंहमार, लविश राणा, जतिन, शौर्य, जीवन, कनिष्क, आरव, आयुष, हार्दिक, हर्ष, साहिल और कार्तिक शामिल रहे। खिलाड़ियों के स्वागत के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# जापान में गूंजा योग का संदेश

- स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने बताया योग को विश्व कल्याण का मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶पूंडरी

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जापान की राजधानी टोक्यो में विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के साथ जापानी नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस बारे जानकारी देते हुए कार्यक्रम में भाग लेने जापान दौरे पर गई भाजपा महिला मोर्चा की जिला सचिव निधि मोहन ने बताया कि कार्यक्रम में पूज्य स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के मार्गदर्शन और योगमाता जी की प्रेरणादायी उपस्थिति ने आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा के संतुलन का माध्यम है। योग भारत की प्राचीन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो आज पूरे विश्व को स्वास्थ्य, शांति और सद्भाव का संदेश दे रही है। योग व्यक्ति को स्वयं से जोड़ने के साथ-साथ पूरे विश्व से जुड़ने का मार्ग प्रशस्त करता है। योग से मानवता, अनुशासन और सकारात्मक सोच को बढ़ावा मिलता है।



पूंडरी। योग कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्वामी ज्ञानानंद महाराज व अन्य।

### यूरिया के लिए किसान लाइन में और सरकार पोर्टल बनाने में व्यस्त : कुमारी सैलजा

**नरवाना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव व सिरसा की सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा में यूरिया और डीएपी खाद की किल्लत ने सरकार की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हर बिजाई सीजन में किसानों को खाद के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता है, जबकि सरकार नए-नए पोर्टल, सत्यापन और नियम लागू करने में व्यस्त दिखाई देती है। कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार के पास मेरी फसल-मेरा ब्यौरा, राजस्व रिकॉर्ड और किसानों की कृषि योग्य भूमि का पूरा विवरण उपलब्ध है। इसके बावजूद किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार समय पर यूरिया उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। प्रदेश के अनेक जिलों से खाद की कमी, लंबी लाइनों और किसानों की परेशानी की खबरें लगातार सामने आ रही हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### श्री कपिल तीर्थ : सरोवर में भरा गंदा पानी, परिक्रमा पथ भी हो चुका है बदहाल

# उपेक्षा की मार से अपनी पहचान खो रही धरोहर

**बदहाली झेल रहे तीर्थ स्थल के संरक्षण के लिए श्री तीर्थ कमेटी ने चलाया जन संपर्क अभियान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶कलायत

कलायत स्थित प्राचीन श्री कपिल मुनि तीर्थ के सुंदरीकरण एवं संरक्षण को लेकर जन आंदोलन खड़ा होने लगा है। इस दिशा में श्री कपिल मुनि तीर्थ कमेटी सही मायने में शासन-प्रशासन व नागरिकों के बीच मजबूत सेतु बनकर सामने आ रही है। सरोवर से गंदे पानी की निकासी, परिक्रमा पथ की बदहाल स्थिति, जंगली वनस्पति की सफाई, रोशनी व तीर्थ के आकर्षण से जुड़े विभिन्न कार्यों को पूरा करवाने के लिए श्री तीर्थ कमेटी ने विशेष जन संपर्क अभियान शुरू किया है। इसके तहत श्री तीर्थ कमेटी प्रधान राजू कौशिक की अध्यक्षता में बैठकों का दौर जारी है। साथ ही सांध्या वंदना के जरिये धरोहर की खास पहचान देने का अभियान गतिमान है। श्री कपिल मुनि मंदिर पुजारी संजय गौतम, अनिरूद्ध गौतम, हरियाणा नंबरदार एसोसिशन प्रांतीय कोषाध्यक्ष संजय सिंगला, अखिल भारतीय राजपूत समाज के वरिष्ठ नेता सलिंद्र प्रताप राणा, पार्षद रवींद्र बंटी निर्मल, मुकेश पाराशर, मा.कुलदीप भट्ट, मामराज राणा, राज मुदगिल, बिट्टू शर्मा, पाला राम प्रजापति, नवीन कुमार व दूसरे युवाओं का कहना है कि इसी स्थान पर भगवान कपिल मुनि ने सांख्य शास्त्र का ज्ञान माता देवहुति को करवाया था। बिना संभाल व रख रखाव के इस तीर्थ की हालात पूरी तरह से खस्ता हो कर रह गई। कपिल तीर्थ के तट पर अलग-अलग कालों के मंदिरों की श्रृंखला है। प्रदेश सरकार द्वारा करोड़ों रुपए का बजट धरोहर के विकास के लिए स्वीकृत किया गया है। इसके तहत महिला घाट व अन्य कार्य पूरे करवाए जाने थे। लेकिन वर्षों से टेंडर ही नहीं लगा पा रहे हैं। इससे धरोहर का स्वरूप अपनी पहचान खोता जा रहा है। यह गंभीर मामला है।



कलायत। श्री कपिल मुनि तीर्थ स्थल का दौरा करते समाज सेवी संगठन।

### सरकार धरोहर के विकास को लेकर गंभीर

हरियाणा सरस्वती बोर्ड के वाइस चेयरमैन धुम्मन सिंह किरमच ने बताया कि प्राचीन कपिल मुनि तीर्थ के विकास के लिए सरकार पूरी तरह गंभीर है। इसके मद्देनजर सीएम नायब सिंह सैनी के निर्देश पर अधिकारियों की टीमें तीर्थ का दौरा कर चुकी हैं। इस कड़ी में सरस्वती नदी को विकसित करने के प्रयास जारी हैं। इसके लिए अलग सरस्वती घाट सहित विभिन्न विकास कार्य होंगे।

### दिपांशी बनी हरियाणा की संयुक्त टॉपर, 492 से बढ़कर हुए 499 अंक

**उचाना।** 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में उम्मीद के अनुरूप अंक नहीं मिलने पर गीता विद्या मंदिर स्कूल उचाना मंडी की छात्रा दिपांशी जैन ने रिचेकिंग के लिए आवेदन किया। रिचेकिंग के बाद उसके अंक 492 से बढ़कर 499 हो गए, जिसके साथ ही उसने हरियाणा में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया। पहले हरियाणा टॉप पर रही छात्रा के 499 अंक थे। इस उपलब्धि पर स्कूल में खुशी का माहौल रहा। चेयरमैन सुरेंद्र जैन, राजकुमार गोयल, सत्यनारायण मखंड, रामनिवास बुडायन और सतपाल गोयल ने प्राचार्या सविता सिंगला, स्कूल स्टाफ तथा छात्रा को बधाई दी।